हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 12 जून 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

4
56 गांवों के 800 बिरहोर और पहाड़ी कोरवा परिवारों को योजनाओं से जोड़ने की तैयारी



## खबर संक्षेप

### 6वीं में प्रवेश के लिए 5 जुलाई को परीक्षा


**जशपुरनगर।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित 'मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति व जनजाति विद्यार्थी योजना के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को राज्य के निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा, आवास और भोजन की सुविधा दी जाएगी। योजनांतर्गत पात्रता की श्रेणी में आने वाले विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग का छात्र होना होगा। इसके साथ ही कक्षा 5वीं में पढ़ रहा हो और कक्षा 4 में 80 प्रशित से अधिक अंक, माता-पिता की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय रूपए 2.50 लाख से कम, ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी व अनुदानित स्कूल में पढ़ रहा हो पात्र होगें। यदि शहरी और नगर निगम क्षेत्र के छात्र पात्र नहीं होगें। इसके साथ ही पीव्हीटीजी वर्ग के लिए 2 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहेगी। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून 2026, शुक्रवार तक निर्धारित है। जिसका प्रवेश परीक्षा 5 जुलाई को सुबह 12 से 2 बजे तक जिला मुख्यालय में होगा।

### 15 अगस्त तक रहेगा मत्स्याखेट पर प्रतिबंध



**जशपुरनगर।** वर्षा ऋतु के दौरान मछलियों की प्राकृतिक वंश वृद्धि एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3 की उपधारा 2 के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 जून 2026 से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस अधिनियम के तहत जशपुर जिले के अन्तर्गत समस्त तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर, सभी प्रकार के जल संसाधनों में इस अवधि तक मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छ.ग. मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 1948 की धारा 5 के तहत पच्चीस हजार रुपये तक के शास्ति से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। यह नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं हैं, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगें।

### जिले के कांसाबेल में हुई सर्वाधिक वर्षा



**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 154.7 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 11 जून तक सामान्य औसत वर्षा 188.7 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 10.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार है तहसील जशपुर में 7.4 मिमी, मनोरा में 23.3 मिमी, कुनकुरी में 18.2 मिमी, दुलदुला में 1.5 मिमी, फरसाबहार में 18.4 मिमी, बगीचा में 14.7 मिमी, कांसाबेल में 42.2 मिमी, पत्थलगांव में 17.9 मिमी, सन्ना में 11.1 मिमी एवं बागबहार में 0.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कांसाबेल तहसील में 42.2 मिमी दर्ज की गई है।

### 5 घंटे में 'ड्राई' हो रहे पंप, 4 रास्तों पर लगा ट्रैक्टरों का लंबा जाम

# कोतबा में गहराया डीजल संकट, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

जिले का सबसे बड़ा धान उत्पादक क्षेत्र 'कोतबा' इन दिनों एक डीजल संकट से जूझ रहा है। क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की किल्लत ने किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। भीषण गर्मी के बीच, जब खेतों में खरीफ और रबी की धान की सुनहरी फसल पूरी तरह परिपक्व होने को तैयार है. तब ट्रैक्टरों और आधुनिक कृषि उपकरणों के पहिए डीजल की बूंद-बूंद के लिए थम गए हैं। तस्वीरें में साफ देखी जा सकती है कि किस तरह खेतों में नजर आने वाले ट्रैक्टर आज मीलों लंबी कतारों में पेट्रोल पंपों के बाहर लाचार खड़े हैं।

■ खेतों में तैयार फसल पर मंडराया बर्बादी का साया

कोतबा क्षेत्र में कहने को तो चार पेट्रोल पंप मौजूद हैं, लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि मंगलवार सुबह सिर्फ कारगिल चौक स्थित 'इंडियन ऑयल' के पेट्रोल पंप पर ही डीजल उपलब्ध हो सका। नतीजा यह हुआ कि सुबह 6 बजे से ही चारों दिशाओं से ट्रैक्टरों और गाड़ियों का रेला उमड़ पड़ा। कारगिल चौक से लैलूंगा मार्ग, बागबहार, गोलियागढ़ और गंझियाडीह मार्ग पर गाड़ियों की इतनी लंबी-लंबी कतारें लग गईं कि पूरे इलाके की रफ्तार थम गई। बसों के संचालन और आम जनता के आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिसकर्मियों को चिलचिलाती धूप में घंटों कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। सुबह 6 बजे खुली खिड़की दोपहर 11 बजे आते-आते बंद हो गई। महज 5 घंटों में पेट्रोल पंप




पूरी तरह 'ड्राई' हो गया और कतार में लगे सैकड़ों किसानों को मायूस होकर खाली ट्रैक्टरों के साथ घर लौटना पड़ा। आधुनिकता के इस युग में जहां सरकारें डिजिटल और हाई-टेक खेती की बात करती हैं, वहीं जमीनी हकीकत यह है कि देश का अन्नदाता ईंधन की एक-एक बूंद के लिए तरस रहा है। किसानों के माथे की लकीरें गहरी हो चुकी हैं और उनकी आंखों के सामने महीनों की हाड़-तोड़ मेहनत से उपजा 'सोना' मिट्टी में मिलने की कगार पर है। किसानों का कहना है कि सरकार इस जटिल समस्या को लेकर गंभीर नही हुआ तो वे कर्ज में डूब जाएंगे जशपुर का यह समृद्ध इलाका इस साल एक बड़े आर्थिक संकट की गर्त में समा जाएगा।



### राशन की तरह मिल रहा तेल

डीजल की इस भयंकर किल्लत के बीच पंप संचालकों ने तेल का 'राशन' तय कर दिया है। शुरुआत में प्रति ट्रैक्टर 2 हजार रूपए का डीजल दिया जा रहा था, जिसे संकट बढ़ता देख घटाकर 15 सौ रूपए और फिर 1 हजार रूपए कर दिया गया। इधर किसानों का दर्द है कि हम 10 से 15 किलोमीटर दूर बसे गांवों से ट्रैक्टर लेकर आते हैं। यहां आने-जाने में ही 500 से 700 रुपये का डीजल जल जाता है। जब पंप पर पहुंचते हैं, तो सिर्फ 1 हजार रुपये का तेल मिलता है। सबसे बदतर स्थिति उन छोटे किसानों की है जो अपने साथ प्लास्टिक के डिब्बे लेकर आ रहे हैं। पंप पर कड़े नियमों का हवाला देकर उन्हें बैरंग लौटाया जा रहा है, जिससे खेती-किसानी के काम पूरी तरह ठप पड़ गए हैं।

### 15 हजार एकड़ की फसल दांव पर

कोतबा और इसके आसपास का इलाका पूरे जशपुर जिले में धान का गढ़ माना जाता है। पिछले 20 वर्षों से खमगड़ा जलाशय परियोजना के पानी के दम पर यहां के किसान साल में दो बार (बरसात और गर्मी) बंपर पैदावार लेते आ रहे हैं। ग्राम राजाआमा, बुलड़ेगा, खमगड़ा, पतराटोली, सगरपाली, कोतबा, भालुखार, मधुबन और डोंगादरहा जैसे दर्जनों गांवों के किसान पूरी तरह इसी खेती पर निर्भर हैं। इस सीजन में भी लगभग 12 से 15 हजार एकड़ में धान की फसल लहलहा रही है, जिससे इस वर्ष लगभग 3 लाख बोरी (1.50 लाख क्विंटल) धान के उत्पादन का अनुमान है।

### हार्वेस्टर मशीनों की खड़ी होने की नौबत

धान की कटाई का समय बेहद सीमित होता है। इस समय बाहरी राज्यों और जिलों से तीन दर्जन से अधिक हार्वेस्टर मशीनें कोतबा क्षेत्र में पहुंचने से पहले हालात पेट्रोल-डीजल संकट में दयनीय हो चुकी हैं। इन मशीनों को दिन-रात चलकर फसल काटनी है, ताकि मानसून आने से पहले अनाज सुरक्षित गोदामों या मिलों तक पहुंच सके। लेकिन डीजल न मिलने के कारण हार्वेस्टर और मिंजाई (थ्रेसिंग) मशीनें धूल फांकने को मजबूर होंगे। अगर यही स्थिति रही, तो खेतों में खड़ी परिपक्व फसल वहीं सड़ जाएगी या झड़ जाएगी।

### बिचौलियों का आतंक

कोतबा के किसानों की त्रासदी सिर्फ ईंधन तक सीमित नहीं है। किसानों का आरोप है कि सरकार गर्मियों में पैदा होने वाले धान की सरकारी खरीदी एमएसपी पर के लिए कोई पुख्ता बाजार उपलब्ध नहीं कराती। पिछले दो दशकों से वे औने-पौने दामों पर बिचौलियों और राइस मिलरों को अपनी फसल बेचने पर मजबूर हैं। इस साल तो संकट और भी गहरा गया है। किसानों का कहना है कि एक तो पहले ही उन्हें फसल की सही कीमत नहीं मिलती, ऊपर से इस बार तेल की किल्लत के कारण फसल समय पर नहीं कटी तो उन्हें करोड़ों रुपये का सीधा नुकसान उठाना पड़ेगा।

# डॉ. आनंद को बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शहर, जिला एवं पूरे छत्तीसगढ़ के लिए हर्षित और गौरवान्वित करने वाला क्षण है कि डॉ.आनंद कुमार पाण्डेय को वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी (एसएनए) उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ां युवा पुरस्कार अभिनय के क्षेत्र में प्रदान किया गया है।

डॉ.आनंद कुमार पाण्डेय ने वर्ष 2010 में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के नाट्य विभाग से एमए नाट्यकला की उपाधि प्राप्त की है। डॉ.योगेन्द्र चौबे के निर्देशन में पीएचडी कर उपाधि प्राप्त किया, रंगमंच के क्षेत्र में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। वर्ष 2007 से हिंदी रंगमंच के संवर्धन और विकास के लिए निरंतर कार्यरत हैं तथा अपने



अभिनय, निर्देशन और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से नई पीढ़ी को रंगकर्म से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। पिछले दो वर्षों से वे सफलतापूर्वक ₹जशरंग राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव₹ का आयोजन कर रहे हैं, जो क्षेत्र के कलाकारों और रंगकर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है।

# भारत मुंडा समाज ने समाज को संगठित कर किया जागरूक

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय के भागलपुर चोंगो बस्ती में बुधवार को मुंडा समाज के तत्वावधान में विराट मुंडा समाज सम्मेलन सह युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा से समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए।

■ सम्मेलन में शामिल हुए छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा के प्रतिनिधि

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर यश प्रताप सिंह जूदेव उपाध्यक्ष नगर पालिका जशपुर, अमासू राम बरला संरक्षक भारत मुंडा समाज छत्तीसगढ़, भारत मुंडा समाज युवा अध्यक्ष भीम मुंडा, उपाध्यक्ष बुध राम मुंडा, प्रदेश महिला अध्यक्ष आशा कश्यप, कोषाध्यक्ष दीपक नाग, बंगाल से हिमांशु मुंडा सहित समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोग ⏭ शेष पेज 4 पर




### बिरसा मुंडा सेल्फी जोन रहा आकर्षण का केंद्र

सम्मेलन स्थल पर भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में सेल्फी जोन बनाया गया था। यह लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा, जहां समाज के लोगों ने सेल्फी लेकर भगवान बिरसा मुंडा के साहस और गौरव को याद किया। इस अवसर पर मंगल सिंह मुंडा, बीर सिंह मुंडा, उस्मान मुंडा, रामदयाल, प्रकाश मुंडा, लक्ष्मण, उदय मुंडा, मुन्ना मुंडा सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन




**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, जशपुर के बैनर तले कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम जशपुर अपर कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। संघ के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और शासन का ध्यान कर्मचारियों की छह सूत्रीय मांगों की ओर आकर्षित कराया।

जिलाध्यक्ष सुभाष चंद शर्मा ने बताया कि प्रबंधकारिणी के निर्णय तथा विभिन्न कर्मचारी संगठनों की सहमति के आधार पर कर्मचारियों के हित में घोषित 'मोदी की गारंटी' को प्रभावी रूप से लागू करने की मांग की गई है। उनका कहना है कि कर्मचारियों और पेंशनरों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं, जिन पर जल्द निर्णय लिया ⏭ शेष पेज 4 पर

# मनोरा के शैक्षणिक संस्थानों में स्वच्छता कार्यक्रम प्रारंभ



**जशपुरनगर।** मनोरा के स्कूलों, छात्रावासों में 11 से 13 जून तक शालेय स्वच्छता अभियान की शुरुवात 44 ग्राम पंचायतों में किया गया है। अभियान के अंतर्गत शाला भवन के सामान्य मरम्मत, परिसर व टॉयलेट की साफ-सफाई, मध्यान्ह भोजन कक्ष की साफ-सफाई, शाला परिसर में झाड़ झंकार की साफ-सफाई के कार्य जनसहयोग शालेय कर्मचारियों शिक्षकों के द्वारा किये जा रहे है ग्रीष्मावकाश के कारण शालाएं बंद थी। 16 जून से शालाएं प्रारंभ होनी है इस बात को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन जशपुर के द्वारा विद्यालयों में यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रघुनाथ राम के मार्गदर्शन में शालेय स्वच्छता कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार पटेल, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जगतपाल राम, बी.आर.सी.सी. आशुतोष शर्मा, मंडल संयोजक मनोज सिंह, संकुल स्तर के नियुक्त नोडल प्राचार्य, संकुल समन्वयक कई विद्यालयों में सम्मिलित होकर स्वच्छता कार्यक्रम में सहयोग प्रदान कर शासकीय कर्मचारियो, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणो को प्रोत्साहित किया।

# भगत ने किया ग्राम सड़क योजना का भूमिपूजन



**जशपुरनगर।** जशपुर विधायक रायमुनी भगत एवं जिला पंचायत सदस्य शांति भगत की उपस्थिति में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की मांग पर कई महत्वपूर्ण सड़क निर्माण प्रस्तावों पर स्वीकृत कार्यों का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में "प्रतिदिन में कम से कम मेरा संकल्प अभियान की भावना के साथ गम्हरिया मुख्य मार्ग से जतराटोली ग्राम पहुंच मार्ग के निर्माण का भूमि पूजन किया गया। यह सड़क लगभग 4.25 किलोमीटर लंबी होगी, जिसकी अनुमानित लागत 3 करोड़ 5 लाख 26 हजार रुपये बताई गई।उक्त कार्य के लिए ग्रामीणों द्वारा पेयजल एवं आवागमन की समस्या का मुद्दा गत दिनों उठाया गया था।जिसे जशपुर विधायक ने सक्रियता से लेते हुवे विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाया इसी तारतम्य में झाल टोली मुख्य मार्ग से घटगांव बस्ती पहुंच मार्ग के निर्माण की मांग गत दिनों रखी गई थी,लगभग 1.3 किलोमीटर लंबी इस सड़क की अनुमानित लागत 92 लाख रुपये प्रस्तावित की गई।

# नीमगांव में बनाया गया दो हजार से अधिक कंटूर ट्रेंच



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिले में जल संरक्षण और संवर्धन के तहत बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। जशपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत नीमगांव में एक अनोखी पहल देखने को मिली। मनरेगा और जन भागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण एवं भू जल संवर्धन के लिए विभिन्न नवाचार आधारित संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है जिससे वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिलने के साथ ग्रामीण आजीविका को भी मजबूती मिल रही है। इसी क्रम में गांव के सरपंच नागेंद्र भगत द्वारा जल संवर्धन के कार्यों का निर्माण कराया गया जशपुर के ग्राम पंचायत नीमगांव में कुल 2587 कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया गया। श्री नागेंद्र ने बताया कि कंटूर ट्रेंच ढलान में बनाए जाते हैं इससे बारिश का पानी उसमें जमा हो जाता है और भूमि द्वारा सोख लिया जाता है। इसके अलावा 5 मॉडल खेतों के किनारे बनाया जाता है जिससे बारिश का पानी उसमें जमा होकर खेतों को नमी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि गांव के हैंडपंप के पास लगभग 30 सोक पीठ का निर्माण किया गया है जिससे गंदे पानी का निपटान होता है।

### कलेक्टर की पहल पर शिक्षा विभाग सक्रिय

# स्वच्छता, सुरक्षा और शाला प्रवेश उत्सव पर विशेष फोकस

**जशपुरनगर।** बगीचा में बीईओ सुदर्शन पटेल ने बैठक लेकर नए शिक्षा सत्र से पहले स्कूलों में व्यापक तैयारियों के दिए निर्देश बगीचा विकास खंड में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और उत्साहपूर्ण बनाने के लिए शिक्षा विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में स्वच्छता पखवाड़ा एवं शाला प्रवेश उत्सव की तैयारियों को लेकर सेजेस स्कूल बगीचा के सभागार में शिक्षा विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड के सभी प्राचार्य, सीएसी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत एक भावुक और सम्मानजनक क्षण के साथ हुई। हायर सेकेंडरी विद्यालय महादेवडांड की सेवानिवृत्त प्राचार्या आशा मलीना खलखो को शिक्षा क्षेत्र में उनके दीर्घकालीन एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए शाल



और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पटेल ने कहा कि जिला कलेक्टर की मंशा के अनुरूप सभी विद्यालयों में स्वच्छता पखवाड़ा प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। नए शिक्षा सत्र के आरंभ होने से पहले स्कूल परिसरों, कक्षाओं, शौचालयों, खेल मैदानों तथा पेयजल स्त्रोतों की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और आकर्षक विद्यालय वातावरण बच्चों में सीखने की सकारात्मक भावना विकसित करता है तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मजबूत नींव तैयार करता है। बैठक में एबीओ दिलीप टोप्पो, बीआरसीसी कृष्ण कुमार राठौर, एकाउंटेंट शैलेश कुमार अम्बस्ट, एमआईएस ममता शर्मा, तिलक श्रीवास सहित शिक्षा विभाग के सभी शाखा प्रभारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### पहली बारिश को लेकर सुरक्षा के विशेष निर्देश

बैठक में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बीईओ ने सभी विद्यालयों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहली बारिश के दौरान आसमानी बिजली, सांप-बिच्छू एवं अन्य जहरीले जीव-जंतुओं से बचाव के लिए आवश्यक उपाय किए जाएं। विद्यालय परिसरों में कहीं भी खुले या उलझे हुए विद्युत तार न रहें तथा विद्युत व्यवस्था की तत्काल जांच कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाएं।

### शाला प्रवेश उत्सव को भव्य बनाने की तैयारी

बैठक में आगामी शाला प्रवेश उत्सव को जनभागीदारी के साथ भव्य और यादगार बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए तथा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक और आत्मीय स्वागत किया जाए। प्रवेश उत्सव के दिन विद्यालय परिसरों को आकर्षक ढंग से सजाया जाए तथा विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों और गणवेश का वितरण किया जाए।

# जिला अस्पताल के प्रभारी एमएलटी निलंबित

**जशपुरनगर।** जिला चिकित्सालय के ब्लड सेंटर में गंभीर लापरवाही, अनियमितता एवं कर्तव्यों के प्रति उदासीनता के मामले में कलेक्टर रोहित व्यास ने प्रभारी एमएलटी पुरूषोत्तम कुंवर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

■ ब्लड सेंटर में गंभीर लापरवाही एवं अनियमितताओं पर हुई कार्रवाई

जारी आदेश के अनुसार ब्लड बैग के एक्सपायर होने के बाद भी उसे निर्धारित प्रक्रिया के तहत डिस्कार्ड नहीं किया गया, ब्लड बैग के गायब होने की सूचना समय पर वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी गई तथा दस्तावेजों एवं साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ किए जाने जैसी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इसके अलावा ब्लड सेंटर के संचालन में निर्धारित नियमों एवं प्रोफेशनल एथिक्स का पालन नहीं करने तथा दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप भी सामने आए। जांच में यह भी पाया गया कि संबंधित कर्मचारी द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारीपूर्वक नहीं किया गया तथा कार्यालयीन कार्यप्रणाली प्रभावित होने की स्थिति निर्मित हुई। मामले में जारी कारण बताओ नोटिस के जवाब को असंतोषजनक पाए जाने के बाद कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि संबंधित कर्मचारी की कार्यशैली के कारण मरीजों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना थी, जिससे जिला चिकित्सालय एवं प्रशासन की छवि भी प्रभावित हुई है। ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### महापौर ने किसान जागरूकता वाहन को किया रवाना

**अम्बिकापुर।** मृदा संरक्षण माह के तहत चल रहे खेत बचाओ अभियान अंतर्गत महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने गांधी चौक से प्रतिभा बायोटेक प्रा.लि. की किसान जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि मिट्टी की उर्वरता ही किसान की असली पूंजी है। रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से हमारी मिट्टी बंजर हो रही है। ऐसे में जैविक और पोषक तत्वों के संतुलित उपयोग की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाना समय की मांग है। प्रतिभा बायोटेक के जोनल मैनेजर अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि हमने अपने पुरखों से मिली भूमि को यूरिया और डीएपी के अत्यधिक प्रयोग से मृतप्राय कर दिया है। जागरूकता वैन के माध्यम से गांव-गांव जाकर किसानों को मिट्टी में कार्बन का प्रतिशत, मिट्टी के पीएच का घनत्व एवं संतुलित 16 पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी जाएगी। भूमि सुधार से उत्पादन में वृद्धि ही हमारा मुख्य कॉन्सेप्ट है। उन्होंने ढैंचा जैसी हरी खाद के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही।

### भाजपा मंडल महामाया की मासिक बैठक में योजनाओं पर चर्चा



**अम्बिकापुर।** भाजपा मंडल महामाया की मासिक बैठक संकल्प भवन में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, शक्ति केंद्र एवं बूथ सशक्तिकरण, केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाकर ही जन-जन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाया जा सकता है। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। कार्यकर्ता केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं तथा मंडल प्रभारी मधुसूदन सिंह ने कहा कि संगठन की शक्ति बूथ और शक्ति केंद्रों में निहित है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करें। मंडल अध्यक्ष मनोज कंसारी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्पण और संगठनात्मक अनुशासन के बल पर निरंतर आगे बढ़ रही है। सह प्रभारी धनंजय मिश्रा एवं मोर्चे के अध्यक्ष सुधांशु चौबे, सरस्वती यादव, सत्यम सिंह, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, परमेश नेताम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग में सहभागिता करने वाले प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस दौरान करताराम गुप्ता, विनोद हर्ष, अरूणा सिंह, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, निश्चल प्रताप सिंह, विकास पाण्डेय, जन्मेजय मिश्रा, अंकित जायसवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लंबित महंगाई भत्ता की मांग लेकर सौंपा ज्ञापन



**रामचंद्रपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ बलरामपुर के अध्यक्ष हेमंत कुमार महंत के नेतृत्व में 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार ने बताया कि राज्य विद्युत मंडल, न्यायिक सेवा अधिकारी एवं अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों को 1 जनवरी से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत किया गया है। किन्तु प्रदेश के लगभग 4.50 लाख अधिकारी एवं कर्मचारियों को इस लाभ से वंचित रखा गया है। राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को महंगाई भत्ता, महंगाई राहत एवं डीए एरियर्स की राशि जीपीएफ खाते में समायोजित किया जाए। बजट सत्र में वित्त मंत्री ने कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा की थी किन्तु अभी तक इसके निर्देश जारी नहीं किये गये है। संघ द्वारा सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों को 240 दिन के स्थान पर 300 दिनों का अवकाश नगदीकरण, संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमितकरण, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर शिक्षक एलबी संवर्ग को लाभ देने सभी पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति देने की मांग की गई है। इस दौरान अब्राहम तिर्की, विकास कुमार गुप्ता, सत्यभान सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## ननि ने भेजा प्रस्ताव, प्रतिदिन लोगों को करना पड़ता है परेशानियों का सामना

# कलेक्टोरेट परिसर सहित चार स्थानों पर होगा आकांक्षीय शौचालय का निर्माण





नवनिर्मित आकांक्षीय शौचालय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के कलेक्टोरेट परिसर सहित उद्यानों में आने वाले लोगों को अब शौचालय की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत कलेक्टोरेट परिसर, थोक सब्जी मंडी समेत चार स्थानों पर आ कां क्ष ी य शौचालयों का निर्माण कराया जाएगा। शौचालयों के निर्माण हेतु ननि सरकार ने 144.29 लाख रूपए का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद भविष्य में निर्माण कार्य शुरू होने की बात कही जा रही है।

**खास बात**

- थोक सब्जी मंडी के साथ ही पुष्प वाटिका, सेनेटरी पार्क भी शामिल

बता दें कि शहर के कलेक्टोरेट परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में जिले भर से लोग अपने विभिन्न कार्यों के लिए आते है इसके साथ ही कलेक्टर जन दर्शन व अन्य दिनों में भी दूर दराज से ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय में अपनी समस्याओं के लिए आते है लेकिन कलेक्टर कार्यालय आने वाले लोगों को शौचालय के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। परिसर में पूर्व में एक सार्वजनिक शौचालय मौजूद था लेकिन इस शौचालय को पूर्व में तोड़ दिया गया था था जिसके बाद लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। यही वजह है कि नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत आधुनिक एवं सुविधायुक्त आकांक्षीय शौचालयों के निर्माण हेतु प्रस्ताव राज्य शहरी विकास अभिकरण को भेजा गया है। प्रस्ताव में कलेक्ट्रेट परिसर सहित शहर के चार प्रमुख स्थलों पर शौचालय निर्माण एवं संचालन-संधारण कार्य शामिल है। नगर निगम द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार कलेक्ट्रेट परिसर एवं थोक सब्जी मंडी, सुभाषनगर में 10-सीटर टाइप-1 आकांक्षीय शौचालयों का निर्माण प्रस्तावित है। वहीं स्वच्छता चेतना उद्यान तथा सरगवां पुष्पवाटिका में 6-सीटर टाइप-1 आकांक्षीय शौचालय स्थापित किए जाने की योजना है। ऐसा इस लिए क्यों कि इन उद्यानों में भी बड़ी संख्या में लोग घूमने के लिए आते है। इन शौचालयों के निर्माण एवं संचालन-संधारण के लिए कुल 144.29 लाख रूपए की स्वीकृति का प्रस्ताव भेजा गया है।

### होगा शिशु देखभाल कक्ष

ननि द्वारा बनाए जा रहे आकांक्षीय शौचालयों में यूरीनल के साथ ही नहाने की वयवस्था होगी, केयर टेकर रूम होगा। इसके साथ ही महिलाएं यदि अपने बच्चों को स्तन पान कराना चाहती है तो उनके लिए शिशु देखभाल कक्ष भी रहेगा। नगर निगम द्वारा वर्तमान में नया और पुराना बस स्टैंड परिसर में आकांक्षीय शौचालयों का निर्माण भी कराया गया है। फिलहाल इनके संचालन हेतु टेंडर की प्रक्रिया हो चुकी है और जल्द ही इन्हें आम नागरिकों के लिए खोल दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत निर्माण कार्य के साथ-साथ शौचालयों के संचालन एवं संधारण की व्यवस्था भी की जाएगी।

### स्वीकृति के बाद होगा निर्माण

इन आधुनिक शौचालयों के निर्माण से नागरिकों, ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों एवं शहर में आने वाले आगंतुकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर सार्वजनिक शौचालय सुविधा उपलब्ध होगी। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के उद्देश्यों को साकार करने के साथ-साथ शहर में स्वच्छता एवं जनसुविधाओं को और सुदृढ़ करेगी। स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात संबंधित स्थलों पर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिससे शहर में सार्वजनिक स्वच्छता सुविधाओं का विस्तार हो सकेगा।

-श्रीमती मंजूषा भगत, महापौर ननि



# सीएमओएआई चुनाव में बड़ा उलटफेर एके खुल्लर बने जनरल सेक्रेट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया-सीएमओएआई,एसईसीएल शाखा के चुनाव परिणामों में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है,संगठन के पूर्व जनरल सेक्रेट्री गौरीशंकर प्रसाद को करारी हार का सामना करना पड़ा, जबकि ए.के खुल्लर ने शानदार जीत दर्ज करते हुए जनरल सेक्रेट्री पद हासिल कर लिया है।

चुनाव परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद पर आशीष त्यागी विजयी घोषित हुए, वहीं उपाध्यक्ष के दो पदों पर तिलकराज और अजय कुमार पंडित निर्वाचित हुए हैं। ज्वाइंट जनरल सेक्रेट्री के दो पदों पर डॉ अनु नेहा और सुमित कृष्णन ने जीत हासिल की है, वहीं ट्रेजरर पद पर अनूप रहाटे तथा ज्वाइंट ट्रेजरर पद पर अजय गुप्ता चुने गए। गौरतलब है कि सीएमओएआई का यह चुनाव पूर्व कार्यकारिणी पर लगे कथित फंड गड़बड़ी और मनमानी के आरोपों के साये में संपन्न हुआ। एक समय ऐसा भी आया जब चुनाव टलने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान और मतगणना की प्रक्रिया पूरी की गई। 6 जून को एसईसीएल मुख्यालय में मतदान हुआ, जबकि 7 जून को एसईसीएल के सभी 13 संचालन क्षेत्रों एवं सेंट्रल वर्कशॉप में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। 8 जून को बसंत विहार स्थित कंपनी मुख्यालय में मतगणना शुरू हुई, जो रात तक चली। सात राउंड की गिनती के बाद अधिकृत परिणाम घोषित किए गए। जनरल सेक्रेट्री पद पर एके खुल्लर और गौरीशंकर प्रसाद के बीच सीधा मुकाबला था। मतगणना में श्री खुल्लर को 1293 वोट मिले, जबकि श्री प्रसाद को महज 725 वोट प्राप्त हुए। इस तरह श्री खुल्लर ने 568 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की।

## दिव्यांग बच्चों के डोर-टू-डोर सर्वेक्षण हेतु हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण



**शंकरगढ़।** विकासखंड शंकरगढ़ अंतर्गत समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए प्रस्तावित डोर-टू-डोर सर्वेक्षण हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद सभा कक्ष में किया गया। इस प्रशिक्षण में विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सभी 28 संकुलों के संकुल समन्वयकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में निवासरत दिव्यांग बच्चों की पहचान, उनकी शैक्षणिक स्थिति का आकलन तथा उन्हें समावेशी शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान सहायक जिला परियोजना अधिकारी विनोद पटेल द्वारा डोर-टू-डोर सर्वेक्षण की प्रक्रिया, सर्वे प्रपत्रों के सही संधारण, बच्चों की पहचान के मानदंड तथा आंकड़ों के संकलन एवं सत्यापन संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए सर्वेक्षण को प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न करने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में विकासखंड बीआरसी मिखाईल खलको तथा बीआरपी श्रीमती शहनाज अली एवं शमशेर अली उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने समावेशी शिक्षा के उद्देश्यों को सफल बनाने तथा दिव्यांग बच्चों तक शैक्षणिक सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

# तीन पहिया साइकिल और दिव्यांग पेंशन के लिए भटक रही 60 प्रतिशत दिव्यांग युवती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



शासन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन कई पात्र हितग्राही आज भी इन सुविधाओं से वंचित हैं। ऐसा ही मामला जिले के भैयाथान जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत राई के माझापारा का सामने आया है, जहां 60 प्रतिशत दिव्यांग युवती अतवारो लंबे समय से तीन पहिया साइकिल और दिव्यांग पेंशन की प्रतीक्षा कर रही है।

परिजनों के अनुसार उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों के साथ कई बार संबंधित विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया है, लेकिन अब तक न तो तीन पहिया साइकिल उपलब्ध कराई गई है और न ही दिव्यांग पेंशन शुरू हो सकी है। योजनाओं का लाभ पाने के लिए उन्हें लगातार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे आर्थिक और मानसिक परेशानी बढ़ती जा रही है। अतवारो के भाई रामकुमार देवांगन ने बताया कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र सहित सभी जरूरी दस्तावेज विभाग में जमा किए जा चुके हैं। इसके बावजूद उनकी बहन के खाते में आज तक दिव्यांग पेंशन की राशि नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा कि परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है और पेंशन मिलने से दैनिक जरूरतों को पूरा करने में कुछ राहत मिल सकती है। परिवार का कहना है कि तीन पहिया साइकिल नहीं होने के कारण अतवारो को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार आवश्यक कार्य होने पर भी वह घर से बाहर नहीं जा पातीं। ऐसे में सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलना उनके लिए बड़ी समस्या बन गया है। ग्रामीणों ने भी इस मामले में चिंता जताते हुए कहा कि शासन की मंशा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की है, लेकिन विभागीय उदासीनता और लंबी प्रक्रियाओं के कारण जरूरतमंद लोगों को समय पर सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। दिव्यांग युवती और उसके परिजनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर शीघ्र तीन पहिया दिव्यांग साइकिल उपलब्ध कराई जाए तथा लंबित दिव्यांग पेंशन को स्वीकृत कर नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें सम्मानपूर्वक जीवनयापन करने में सहायता मिल सके।



# मितानिन, आंबा कार्यकर्ता शिक्षकों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

समावेशी शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान, सत्यापन एवं अद्यतन डाटा संग्रह हेतु व्यापक सर्वेक्षण कार्य के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मितानिन, महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग से संबंधित शाला के शिक्षकों की बैठक उदयपुर विद्यालय में आयोजित की गई।

- दिव्यांगता के संबंध में की गई चर्चा

बैठक में सर्वेक्षण की उपयोगिता, महत्व पर प्रकाश डाला। बैठक में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के चिन्हांकन, उपकरण की आवश्यकता, स्कार्ट भत्ता, यात्रा भत्ता, सर्वे के दौरान उनकी जानकारी अद्यतन कैसे की जाए तथा सर्वेक्षण फार्म भरने हेतु सर्वे दल प्रभारी को अंग्रेजी के केप्टिल अक्षर में भरे जाने हेतु उचित मार्ग दर्शन दिया गया। साथ ही दिव्यांगता के संबंध में संबंध में चर्चा की गई। बैठक में आरपीडब्ल्यू के तहत 21 प्रकार की जानकारी विस्तार से दिया गया। आज हिग्राहियों सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। बच्चों के चिन्हांकन के पश्चात बच्चों को शिक्षा से जोड़े जाने हेतु निर्देशित भी किया गया। बैठक में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रविकांत यादव, बीआरसी श्रीमती उषा किरण बखला,बीआरपी समावेशी शिक्षा विनोद कुमार, सीएसी जयंत खानवलकर,मयाराम धीवर, रामवृक्ष, राम विशाल सहित अन्य मौजूद रहे।

### पीएम मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर हनुमान मंदिर में सामूहिक पाठ

**बिश्रामपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत शिवनंदनपुर मंडल में धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों की श्रृंखला जारी है।इसी क्रम में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने भगवान हनुमान के समक्ष दीप प्रज्वलित कर देश की सुख-समृद्धि, विकास एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, सफल और दीर्घ नेतृत्व की कामना की। पूरे मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए। कार्यकर्ताओं के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास, बुनियादी ढांचे, गरीब कल्याण, डिजिटल क्रांति, आत्मनिर्भर भारत, महिला सशक्तिकरण तथा वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इसी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 12 साल बेमिसाल अभियान चलाया जा रहा है।इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गोयल, नपं शिवनंदनपुर अध्यक्ष रितेश जायसवाल, हरीश राजवाड़े, कृष्ण गोयल, समीर सिंह, संजीत सिंह, श्यामू साहू, रविशंकर बऊवा, शनि मिश्रा, देवधन राम बिंझिया, अमरलाल साहू व अन्य उपस्थित थे,कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।



### प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मां महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना

**रामानुजनगर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, विकास एवं जनकल्याण के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सदस्यों ने सुबह 10 बजे शिव मंदिर, माँ महामाया मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन महाप्रसाद का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्र सेवा के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने भोलेनाथ, मां महामाया माई, भगवान श्रीराम एवं संकटमोचन हनुमान से प्रार्थना करते हुए देश की निरंतर उन्नति, समृद्धि एवं विकास की कामना की।इस दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष रेखा राजलाल राजवाड़े, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कपिल देव पांडेय,अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय श्याम, राजलाल राजवाड़े, सुंदर लाल सिंह, आशुतोष दुबे, श्रीमती मीना सिंह, संत साहू पवन सिंह, संजीव गुप्ता, नारायण विश्वकर्मा, अनिता सिंह, श्रीमती कान्ता सिंह, आशीष जायसवाल, अनूप दुबे, श्याम सुंदर राजवाड़े, गणेश्वर सिंह, वासुदेव पांडेसहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# बेघर बच्चों के चिन्हांकन हेतु जिले में चलाया जा रहा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देश पर जिले में बेघर बच्चों के चिन्हांकन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जून माह में संपूर्ण जिले के शहरी क्षेत्रों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ऐसे बच्चों को चिन्हांकित कर उनके स्थाई पुनर्वास हेतु प्रयास करना है। इस अभियान के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड लाईन द्वारा नगरीय क्षेत्र में सघन जांच की गई।

- बच्चों के स्थाई पुनर्वास हेतु किया जा रहा प्रयास

अभियान के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र के होटल, ढाबा, बस स्टैण्ड, गैरेज, कपड़ा दुकान एवं चौपाटी जैसे स्थानों पर जांच की गई। कलेक्टर ने इस अभियान में पुलिस विभाग, पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, नगर पालिका, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड लाईन को संयुक्त रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी बच्चे जो सड़क पर रहते हैं या सड़क पर आते हैं और रात में घर चले जाते हैं अथवा परिवार सहित सड़क के किनारे निवास करते हैं, ऐसे सभी बच्चों का सर्वे कर उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने ऐसे बच्चों के पुनर्वास एवं उन्हें शिक्षा से जोड़ने का कार्य तत्काल किए जाने के निर्देश दिए।

## किसान कांग्रेस ने कलेक्टर के माध्यम से सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# खाद की कमी के कारण खड़ा होने वाला है खाद्यान्न संकट

**अंबिकापुर।** खरीफ सीजन से पहले किसानों को ही रही खाद की किल्लत, डीजल के लिए जद्दो जहद सहित अन्य समस्याओं को लेकर सरगुजा जिला किसान कांग्रेस ने बुधवार को किसानो के हित में 9 सूत्रिय मांगों का ज्ञापन सौपा है।

कृषक अधिकार आन्दोलन के तहत सरगुजा जिला किसान कांग्रेस के शहर अध्यक्ष दुर्गेश गुप्ता एवं किसान कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष नागेश्वर यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम का यह मांग पत्र सरगुजा कलेक्टर अजीत वसंत को सौपा गया। खरीफ सीजन के ठीक पहले प्रति एकड खाद की मात्रा में कटौती, खाद बीज के संकट, बिजली बिल में वृद्धी, डीजल की सहज उपलब्धता, फसलों की बिक्री का एकमुश्त भुगतान जैसे प्रमुख मांगों को लेकर यह ज्ञापन सौपा गया है। उन्होंने बताया कि खाड़ी युद्ध और केन्द्र सरकार की अव्यवहारिक नितियों के कारण पूरे देश सहित छत्तीसगढ में खाद का संकट खड़ा हो गया है। किसानों में भय व्याप्त है कि इससे न केवल उनका उत्पादन गिरेगा साथ ही खरीफ सीजन में धान उत्पादन से होने वाली आय से चलने वाले उनकी आजीविका पर भी प्रभावित होगी। सरगुजा जिला किसान कांग्रेस शहर के अध्यक्ष दुर्गेश गुप्ता ने कहा कि सरकार की अदूरदर्शितापूर्ण नितियों के वजह से प्रदेश के छोटे और सीमांत किसानो के समक्ष आजीविका का संकट खडा होने वाला है। उन्होंने कहा कि खाद की कमी के कारण पूरे देश में खाद्यान्न भी संकट खड़ा होने वाला है लेकिन केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार को आम आदमी की इन समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। किसान कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष नागेश्वर यादव ने कहा कि एक ओर खाद का संकट है और दूसरी ओर राज्य सरकार ने बिजली के बिलों में वृद्धी कर किसानों पर भारी बोझ डाल दिया है। बढते महंगाई के मद्देनजर उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाकर उसे 40 हजार रूपए प्रति एकड करने की मांग भी की। किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री नुरुल अमीन सिद्धकी ने कहा कि पेट्रोल पंपों में जरकिनो में डीजल विक्रय प्रतिबंधित करने के आदेश का खामियाजा किसान को उठाना पड रहा है। सरकार इस आदेश को तत्काल वापस ले साथ ही धान खरीदी के उपरांत एकमुश्त भुगतान की व्यवस्था करने की मांग की है। इस दौरान पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, हेमंत सिन्हा, मो. इस्लाम, विनय शर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, अमित सिंहदेव, बलराम यादव, रामविनय सिंह, मदन जायसवाल आदि शामिल रहे।



### नशे में वाहन चलाने के तीन मामलों में 31 हजार का दण्ड

अम्बिकापुर। एसएसपी राजेश अग्रवाल के दिशा-निर्देश पर सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत तीन सवारी वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना, खतरनाक तरीके से वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चलाना इत्यादि के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान नशे की हालत में चार पहिया एवं दुपहिया वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की है।



# एक्शन से लबरेज फिल्म लग जा गले की रिलीज का ऐलान

**नई दिल्ली।** टाइगर श्रॉफ, जान्हवी कपूर और लक्ष्य बड़े परदे पर साथ आने वाले हैं। बात हो रही है एक्शन फिल्म 'लग जा गले' की। राज मेहता के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा कर दिया गया है। फिल्म 'लग जा गले' को करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है। यह फिल्म 14 मई 2027 को दस्तक देगी। फिल्म में टाइगर श्रॉफ और लक्ष्य दोनों हों, तो जाहिर है एक्शन भी दमदार होगा। इस फिल्म में इंटेंस एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे। फिल्म की रिलीज डेट सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स रिएक्शन दे रहे हैं।



लाइफ Style

# आलिया

## अल्फा में दिखा दमदार एक्शन अवतार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यश राज फिल्म्स की आने वाली स्पाई थ्रिलर फिल्म 'अल्फा' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर की शुरुआत बॉबी देओल और आलिया भट्ट से होती है। फिल्म में बॉबी, आलिया के पिता बने हैं। दोनों होटल आलिया भट्ट का 18वां जन्मदिन मनाते नजर आते हैं।

इस बीच बॉबी आलिया को एक कार्ड देते हैं, जिसमें रूम का नंबर होता है, और कहते हैं कि ये उनका पहला मिशन है। इसके बाद आलिया का अलग अंदाज देखने को मिलता है। आलिया टीजर में काफी शानदार एक्शन और पॉवरफुल सीन करती नजर आती हैं। बॉबी आगे कहते नजर आते हैं कि आलिया ऐसे मिशन का हिस्सा हैं, जिन्हें अल्फा कहा जाता है। ये एक सीक्रेट मिशन होता है, जिसमें भारत के नेक्स्ट जेनरेशन के योद्धाओं को तैयार किया जाता है। टीजर जैसे-जैसे आगे बढ़ता है, फिल्म में और दमदार एक्शन सीन्स देखने को मिलते हैं। इस फिल्म में आलिया भट्ट, बॉबी देओल, शरवरी और अनिल कपूर जैसे बड़े सितारे नजर आने वाले हैं। अल्फा यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म है, जो एक नए जासूस की कहानी दिखाती है। फिल्म 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर अल्फा का टीजर शेयर किया और अपनी प्यारी आलिया को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मेरी प्यारी आलिया को प्यार और शुभकामनाएं।' वहीं, अहान पांडे भी टीजर देखकर खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसे अविश्वसनीय बताया।

हॉलीवुड मसाला



# फैन ने छू लिया तो भड़क उठे

**लॉस एंजिल्स।** जापान में जैकब एलोर्डी के साथ हुआ एक छोटा सा लेकिन चर्चित वाकया हुआ, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, एक वीडियो में देखा गया कि जैकब एलोर्डी जापान के एक रेस्टोरेंट से बाहर निकल रहे थे, तभी एक फैन उनके पास आया और फोटो लेने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान फैन ने उनकी पीठ पर हाथ रख दिया, जिससे एक्टर थोड़े असहज हो गए। जैकब तुरंत रुक गए, पीछे मुड़े और साफ शब्दों में कहा, 'प्लीज भाई मुझे हाथ मत लगाओ।'



# अमेरिकी रॉक बैंड गन एंड रोजेज की धुन पर थिरकेंगे भारतीय फैंस

**मुंबई।** रॉक बैंड गन एंड रोजेज को नवंबर रेन और वेलकम टू द जंगल जैसे मशहूर गानों के लिए जाना जाता है। यह अमेरिकी म्यूजिक बैंड जल्द ही भारत में भी परफॉर्म करेगा। भारत के कई बड़े शहरों में इनका कॉन्सर्ट होगा। इनका कॉन्सर्ट शेड्यूल भी सामने आ चुका है। रॉक बैंड गन एंड रोजेज दूसरी बार कॉन्सर्ट करने के लिए भारत आ रहे हैं। रॉक बैंड गन एंड रोजेज वर्ल्ड टूर पर हैं। दुनिया भर के अलावा वह भारत में आकर भी परफॉर्म करेंगे। इनका पहला कॉन्सर्ट 14 नवंबर को बेंगलुरू और 17 नवंबर को गुवाहाटी में होगा। फैंस बुकमायशो के जरिए इस कॉन्सर्ट के टिकट बुक कर सकते हैं। गन एंड रोजेज म्यूजिक बैंड में एक्सल रोज, स्लैश, डफ मैककेगन, रिचर्ड फोर्टस, डिजी रीड, मेलिसा रीस और इसाक कारपेंटर शामिल हैं। यह बैंड 1985 में लॉस एंजिल्स में बना था।



# फिल्म इंडस्ट्री के लोग मैसेज नहीं करते

**नई दिल्ली।** कंगना रनौत का फिल्म इंडस्ट्री से पंगा किसी से छिपा नहीं है। अपनी फिल्म भारत भाग्य विधाता के प्रमोशन के दौरान उन्होंने एक बार फिर से उस तल्खी का जिक्र किया। कंगना का कहना है कि इंडस्ट्री के लोग उनके टच में नहीं हैं। वह कोई फिल्म बनाती हैं तो उस पर भी लोग कोई कमेंट नहीं करते। कंगना ने अपनी जिंदगी के स्ट्रगल्स और अहम फैसलों पर भी बात की। कंगना रनौत अपनी फिल्म भारत भाग्य विधाता के लिए काफी एक्साइटेड हैं। मूवी 12 जून को रिलीज होगी। इससे पहले कंगना फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। कंगना से पूछा गया कि क्या उन्हें आने वाली फिल्म के लिए बॉलीवुड से कोई मैसेज आया? इस पर कंगना ने जवाब दिया, 'फिल्म इंडस्ट्री के लोग मुझे मैसेज नहीं करते।' कंगना का मानना है कि सफल लोगों को आलोचना सुननी पड़ती है।



# बेबी-डू-डाई-डू का टीजर जारी...

**मुंबई।** अभिनेत्री हुमा कुरैशी अपनी नई फिल्म 'बेबी डू डाई डू' के साथ दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में इस फिल्म का टीजर रिलीज किया गया है, जिसमें हुमा का बेहद खतरनाक और अनोखा अंदाज देखने को मिला। टीजर में एक महिला की आवाज सुनाई देती है, जो मरी हुई है, वह कहती है, 'मेरी बहन एक किलर है। वह बोल-सुन नहीं सकती, लेकिन वह मेरी आवाज सुन सकती है क्योंकि मैं पहले ही मर चुकी हूं। बेबी कर मर कर, डू डाई डू... उसके छाते से बचके रहना।' टीजर की शुरुआत कॉमिक अंदाज में होती है। यह कहानी मुंबई शहर की है, जहां पिछले 25 दिनों में तीन हत्याएं हो चुकी हैं। पुलिस और मीडिया को कातिल का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। असल में यह कातिल एक महिला है, जो न तो बोल सकती है और न ही सुन सकती है।

टीवी मसाला



# बचपन में देखती थीं 'ऑफिस ऑफिस' आज बनीं मुसद्दीलाल की बेटी

**नई दिल्ली।** कभी 'ऑफिस ऑफिस' देखकर बड़ी हुईं श्रुति शर्मा आज उसी चर्चित फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं। उन्होंने अपने नए शो 'ऑफिस ऑफिस-चली मुसद्दीलाल की बेटी', पंकज कपूर से मिलने की इच्छा, अपने किरदार अनोखी और सरकारी सिस्टम से जुड़े निजी अनुभवों पर खुलकर बात की। शो में मुसद्दीलाल की बेटी का किरदार निभा रहीं श्रुति शर्मा की एक ख्वाहिश अब भी अधूरी है। स्क्रीन पर जिस किरदार की विरासत को वह आगे बढ़ा रही हैं, उसके पीछे के कलाकार पंकज कपूर से उनकी अब तक मुलाकात नहीं हुई है। पंकज कपूर से मिलने की इच्छा जाहिर करते हुए श्रुति शर्मा ने कहा, 'अभी तक पंकज कपूर सर से मुलाकात नहीं हुई है। मैं उनके काम की बहुत बड़ी फैन हूं। दिल से चाहूंगी कि एक दिन उनसे मिलूं। मैं चाहती हूं कि वह यह शो देखें और मुझे बताएं कि उन्हें मेरा काम कैसा लगा। अगर वह मुझे कोई सलाह दें या अपना रिव्यू शेयर करें, तो वह मेरे लिए बहुत खास होगा। उम्मीद है कि कभी न कभी मुलाकात होगी। और अगर उन्हें मेरा काम पसंद आया, तो शायद उससे बड़ी तारीफ मेरे लिए कोई नहीं होगी।' 'ऑफिस ऑफिस' से श्रुति का रिश्ता नया नहीं है। फर्क सिर्फ इतना है कि पहले वह इसे टीवी पर देखती थीं और अब उसी कहानी का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे याद है कि जब मैं छोटी थी, तब 'ऑफिस ऑफिस' बहुत देखा करती थी। शो की यादें आज भी मेरे जहन में ताजा हैं। इसलिए कभी सोचा नहीं था कि एक दिन मुझे इसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा। मैं खुद को बहुत ग्रेटफुल मानती हूं। मैं चाहती हूं कि आज के बच्चे और युवा भी इस शो को उसी तरह याद रखें, जैसे हम पुराने 'ऑफिस ऑफिस' को याद रखते हैं।

## बिग बॉस 20 की तैयारियां शुरू

**नई दिल्ली।** टेलीविजन का सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' अपने 20वें सीजन के साथ वापस आ रहा है। लाखों दर्शकों के लिए 'बिग बॉस' का मतलब ही सलमान खान भी है। सलमान के फैंस के लिए अच्छी खबर यह है कि वह एक बार फिर इस शो को होस्ट करने के लिए तैयार हैं। इस शो के मेकर्स नए प्रतियोगियों को चुनने के लिए ऑडिशन शुरू करने वाले हैं। इस बार कुछ पुराने मशहूर प्रतियोगी भी दोबारा घर में एंट्री ले सकते हैं। इस शो की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सलमान 21 सितंबर से इस नए सीजन की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। 'वीकेंड का वार' में सलमान खान का अंदाज, उनका गुस्सा और समझाने का तरीका ही इस शो की असली जान है, जो इस बार भी दर्शकों को देखने को मिलेगा।



# इस गीत के लिए महज एक रुपए ली थी फीस

## कल्ट गाने को मेकर्स ने पहले कर दिया था रिजेक्ट

*नई दिल्ली। सिनेमा जगत के पुराने गानों की चर्चा काफी जाती है। ज्यादातर सिनेप्रेमी ओल्ड सॉन्ग्स को सुनना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन गीतों की मेकिंग के किस्से भी काफी दिलचस्प होते हैं। इस आधार पर आज हम आपको 62 साल पुराने बॉलीवुड के उस गाने के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको गाने के लिए गायक ने महज एक रुपये की फीस ली थी। हैरान करने वाली बात ये थी, मेकर्स ने पहले उस सॉन्ग को बनाने से साफ मना कर दिया था।*

### रिजेक्ट सॉन्ग बना कल्ट

साल था 1964और उस वक्त मशहूर फिल्ममेकर सत्यबेन बॉस ने एक फिल्म बनाने की योजना बनाई। ये वही दौर था, जब हिंदी सिनेमा ब्लैक एंड व्हाइट से धीरे-धीरे कलर स्क्रीन पर शिफ्ट हो रहा था। उस मूवी का नाम था दोस्ती, जिसमें ऐसे दोस्तों की कहानी को दर्शाया गया था, जो शरीरिक तौर पर अपंग थे। एक आंखों से देख नहीं सकता था और दूसरे का एक पैर खराब था। अब तो आप समझ ही गए होंगे की यहां बात फिल्म दोस्ती की जा रही है।

### चाहूंगा मैं तुझे...

सुधीर कुमार और सुशील कुमार स्टारर ये फिल्म अपनी शानदार कहानी से ज्यादा गानों को लेकर चर्चित रही। दोस्ती में एक गाना था मौजूदा था, जिसके बोल थे- चाहूंगा मैं तुझे... इस सॉन्ग को दिग्गज सिंगर मोहम्मद रफी ने अपनी मधुर आवाज में गाया था और लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने इसे संगीत दिया था। फेसबुक पेज द बॉलीवुड रेडियो पेज की जानकारी के आधार पर आपको ये जानकर झटका लगेगा कि फिल्म के निर्माता इस गाने को बनाने के पक्ष में नहीं थे और इसके संगीत की धुन को सुनकर उन्हें इसे रिजेक्ट कर दिया था। लेकिन, बाद में रफी साहब के निवेदन पर जाकर दोस्ती का ये गीत तैयार हुआ।



### फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला

बताया जाता है कि दोस्ती फिल्म के चाहूंगा मैं तुझे... गीत को गाने के लिए मोहम्मद रफी ने महज एक रुपये की फीस ली थी। कमाल की बात ये थी इसी गाने के लिए रफी साहब को बेस्ट प्लेबैक सिंगर के तौर पर करियर का पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला था।

# 525 दिनों तक सिनेमाघरों में लगातार चली थी 61 साल पहले आई राजेंद्र कुमार की फिल्म

**नई दिल्ली।** राजेंद्र कुमार हिंदी सिनेमा के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार थे, जिनकी कई फिल्में सिनेमाघरों में सिल्वर जुबली साबित हुई थीं। अपने फिल्मी कॅरियर में उन्होंने एक से बढ़कर एक मूवी के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया था। उनमें से एक फिल्म के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं, जिसे 61 साल पहले रिलीज किया गया था। राजेंद्र कुमार की वह फिल्म प्लैटिनम जुबली साबित हुई थी 70 सप्ताह से ज्यादा समय तक सिनेमाघरों में चलती रही थी।

### प्लैटिनम जुबली साबित हुई थी

आईएमडीबी की रिपोर्ट के अनुसार आलम ये रहा था कि राजेंद्र कुमार स्टारर थिएटर्स में करीब 75 हफ्तों तक यानी 525 दिनों तक चली थी और प्लैटिनम जुबली साबित हुई थी। उनकी इस 61 साल पुरानी मूवी का रिकॉर्ड आज भी कायम है और शोले सहित कुछ ऑल टाइम ब्लॉकस्टर को छोड़ दिया जाए तो कोई भी अन्य मूवी ऐसा कारनामा करने में नाकाम रही है। इतना ही नही आरजू उस साल की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में भी शुमार रही थी।



### गाने भी रहे थे कल्ट

राजेंद्र कुमार स्टारर आरजू की सफलता के पीछे उसकी शानदार कहानी के अलावा उसके बेहतरीन गीतों ने फैंस का दिल जीता था। बेदर्दी बालमा... और ऐ फूलों की रानी... सहित कई ऐसे सॉन्ग्स थे, जो आरजू की पहचान बने। आज भी इस फिल्म के गानों को खूब सुना जाता है।


### 1965 में सिनेमाघरों में हुई थी रिलीज

अपने दौर के दिग्गज अभिनेताओं के तौर पर राजेंद्र कुमार को आज भी याद किया जाता है। बेशक वह हमारे बीच में मौजूद नहीं हैं, लेकिन कॅरियर में दी गई यादगार फिल्मों के जरिए वह फैंस के दिलों हमेशा जिंदा रहेंगे। राजेंद्र साहब की कल्ट मूवीज के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें आरजू का नाम शामिल है। इस फिल्म को साल 1965 में सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी। राजेंद्र कुमार के साथ-साथ फिल्म में अभिनेत्री साधना शिवदासानी, फिरोज खान, नाजिमा और नाजिर हुसैन जैसे कई कलाकारों में अहम भूमिकाओं को अदा किया था। आरजू का डायरेक्शन रामायण टीवी शो बनाने वाले रामानंद सागर ने किया था।

## हॉरर-रोमांस-पॉलिटिक्स और सस्पेंस के साथ छिड़ेगा घमासान

# कल इन फिल्मों का थिएटर्स में होगा महा-क्लैश, दिग्गज होंगे आमने-सामने

*नई दिल्ली। मनोरंजन जगत में 12 जून का वीकेंड इतिहास का सबसे व्यस्त और धमाकेदार वीकेंड साबित होने जा रहा है। इस शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर एक या दो नहीं, बल्कि पूरे 9 फिल्मों का महा-क्लैश होने जा रहा है, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के दिग्गज आमने-सामने होंगे। इस लिस्ट में मनोज बाजपेयी की पॉलिटिकल ड्रामा, इम्तियाज अली का अनकहा रोमांस, कंगना रनौत की देशभक्ति और हॉलीवुड के स्टीवन स्पीलबर्ग का सस्पेंस शामिल है।*



**गवर्नर:** इस वीकेंड की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एवर्नर', जिसमें मुख्य भूमिका में नेशनल अवॉर्ड विनर मनोज बाजपेयी हैं. यह एक गंभीर पॉलिटिकल ड्रामा है। मनोज बाजपेयी हमेशा से ही अपनी परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड और सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, इसलिए इस फिल्म को लेकर दर्शकों और समीक्षकों में जबरदस्त उत्सुकता है।

**मैं वापस आऊंगा :** बॉलीवुड के सबसे चहेते निर्देशकों में से एक, इम्तियाज अली इस फिल्म के साथ वापसी कर रहे हैं. हालांकि फिल्म की कहानी को पूरी तरह से सीक्रेट रखा गया है, लेकिन इम्तियाज का नाम ही जज्बाती और रूहानी प्रेम कहानियों की गारंटी माना जाता है। फैंस को उम्मीद है कि ये एक रोमांटिक-इमोशनल ड्रामा होगी।

**भारत भाग्य विधाता :** कंगना रनौत स्टारर यह फिल्म लीडरशिप, शासन व्यवस्था और राष्ट्रीय पहचान जैसे ज्वलंत मुद्दों पर आधारित एक और बड़ी पॉलिटिकल फिल्म है। कंगना के हालिया राजनीतिक बयानों और फिल्मों को देखते हुए यह फिल्म सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोरने वाली है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा इसे पहले ही दिल्ली में टैक्स-फ्री घोषित किया जा चुका है, जिससे इसे बॉक्स ऑफिस पर अच्छी बढ़त मिलने की उम्मीद है।

**हॉन्टेड 3डी :** भारत में हॉरर फिल्मों के बेताज बादशाह विक्रम भट्ट अपनी सबसे सफल फ्रेंचाइजी 'हॉन्टेड' के नए पार्ट के साथ लौट रहे हैं. इसमें अलौकिक शक्तियों, बेहतरीन विजुअल इफेक्ट्स और डरावने सस्पेंस का दावा किया गया है।

**बैकरूम्स :** हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए 'बैकरूम्स' भी एक बड़ी रिलीज साबित हो सकती है। यह फिल्म इंटरनेट पर वायरल हुए 'बैकरूम्स' कॉन्सेप्ट पर आधारित है, जिसने वर्षों से अनगिनत ऑनलाइन थ्योरी, कहानियों और वीडियो को जन्म दिया है। रहस्यमयी और डरावने माहौल के लिए मशहूर इस विचार को अब एक फीचर फिल्म के रूप में बड़े पर्दे पर उतारा गया है। अपनी अनोखी कहानी, बेचैनी पैदा करने वाले वातावरण और मनोवैज्ञानिक डर के कारण यह फिल्म खासकर युवा दर्शकों के बीच काफी चर्चा में है। रिलीज से पहले ही इसे साल की सबसे प्रतीक्षित हॉरर फिल्मों में गिना जा रहा है।

**स्कैरी मूवी :** हॉलीवुड की मशहूर पैरोडी फ्रेंचाइजी 'स्कैरी मूवी' एक नए पार्ट के साथ आ रही है, जो पॉप-कल्चर और हॉरर फिल्मों का मजाक उड़ाते हुए दर्शकों को हंसा-हंसाकर लोटपोट करने के लिए तैयार है।

**द नर्मदा स्टोरी :** नर्मदा नदी और उसके आस-पास रहने वाले समुदायों के जीवन से प्रेरित यह फिल्म एक सामाजिक ड्रामा है, जो मानवीय संवेदनाओं और सिस्टम पर चोट करती नजर आएगी।

**हीर सारा :** जो लोग मारधाड़, राजनीति और डर से दूर एक शुद्ध प्रेम कहानी देखना चाहते हैं, उनके लिए यह फिल्म एक बेहतरीन विकल्प के रूप में रिलीज हो रही है। यह फिल्म रिश्तों और प्रेम की भावनात्मक कहानी को बड़े पर्दे पर लेकर आ रही है।

**डिस्क्लोजर डे :** महान फिल्म निर्माता स्टीवन स्पीलबर्ग से जुड़ी यह मिस्ट्री-थ्रिलर फिल्म बड़े-बड़े राज, सस्पेंस और हाई-स्टेक टेंशन से भरपूर है, जो अंतरराष्ट्रीय सिनेमा के फैंस के लिए ट्रीट साबित होगी।

## खबर संक्षेप

### अंबिकापुर मेडिकल कालेज चढ़ा राजनीति की भेंट : वित्त मंत्री



**रायगढ़।** सरगुजा प्रवास के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इशारों इशारों में भूपेश सरकार के कार्यकाल के दौरान चल रहे जय वीरू के झगड़े को लेकर तंज कसा। सत्ता पाने के बाद भी झगड़े का स्मरण कराते हुए मंत्री चौधरी ने कहा राजनीति में गुटीय लड़ाई की वजह से जनहित के काम प्रभावित नहीं होने चाहिए। सत्ता जनता की सेवा के लिए मिलती है, कुर्सी के झगड़े के लिए नहीं। ओपी चौधरी ने कहा कि भूपेश सरकार के दौरान पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव प्रदेश के उप मुख्यमंत्री भी रहे और वित्त विभाग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पास था। इसके बावजूद सरगुजा क्षेत्र को मेडिकल कॉलेज से वंचित रहना पड़ा। सरगुजा में मेडिकल कॉलेज आपसी खींचतान और झगड़े की भेंट चढ़ गया। ओपी चौधरी ने शालीनता पूर्वक कहा सरकार में कद्दावर नेता, शक्ति शाली मंत्री और विभागीय मंत्री होने के बाद भी मेडिकल कॉलेज नहीं बन पाना, क्षमता पर सवालिया निशान लगाता है। वित्त मंत्री ने कहा, श्राजनीति आम जनता की सेवा के लिए मिलती है। अगर सत्ता मिलने के बाद जनता के लिए काम नहीं किया जाएगा, तो सर आंखों पर बैठाने वाली जनता सत्ता से उतारने में देर नहीं करती। सरगुजा की जनता ने 5 साल इंतजार किया, पर मेडिकल कॉलेज का सपना सपना ही रह गया।

### अवैध कबाड़ परिवहन करते 20 टन लोहे का स्क्रैप जब्त



**रायगढ़।** 8 जून को पुसौर पुलिस द्वारा अवैध कबाड़ परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में लोहे का स्क्रैप जब्त किया गया। पुलिस टीम को सरिया-सारंगढ़ की ओर से ट्रक क्रमांक ओडी 05 वाई 1490 में अवैध लोहे का स्क्रैप लोड कर रायगढ़ की ओर परिवहन करने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने सूरजगढ़ पुल के पहले घेराबंदी कर उक्त ट्रक को रोककर जांच की। वाहन चालक रामा विश्कर्मा पिता स्व. राजाराम विश्कर्मा, उम्र 38 वर्ष निवासी नुआसाही थाना करंजिया, जिला मयूरभंज ओडिशा से पूछताछ करने पर उसने ट्रक में 20 टन 700 किलो लोहे का स्क्रैप होना बताया। पुलिस द्वारा स्क्रैप के परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने नोटिस दिया गया, किन्तु चालक कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। जिससे चोरी की संपत्ति होने के संदेह में चालक एवं जप्त सामग्री को थाना लाकर धारा 35,1बी, कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ट्रक क्रमांक ओडी 05 वाई 1490 में लोड 20 टन 700 किलो लोहे का स्क्रैप, अनुमानित कीमत 1 लाख 22 हजार और 12 चक्का ट्रक जब्त किया गया है।

### लंबित मांगों के निराकरण की मांग

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ध्यानाकर्षण ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने कहा कि कर्मचारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर अब तक निर्णय नहीं होने से प्रदेश के लाखों अधिकारी-कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन में बताया गया कि राज्य के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को 1 जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत किया गया है, लेकिन प्रदेश के लगभग 4.50 लाख कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। संघ ने मांग की है कि कर्मचारियों और पेंशनरों को केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तर्ज पर देय तिथि से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत प्रदान की जाए तथा डीए एरियर्स की राशि जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए। संघ ने विधानसभा के बजट सत्र में घोषित कैशलेस चिकित्सा सुविधा को शीघ्र लागू करने की भी मांग उठाई है।

### हाउस होल्ड सर्वे के लिए समय-सीमा निर्धारित

# 56 गांवों के 800 बिरहोर और पहाड़ी कोरवा परिवारों को योजनाओं से जोड़ने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों को राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के विकास, हाउस होल्ड सर्वे की तैयारियों, खरीफ सीजन की तैयारियों तथा किसानों के लिए उर्वरकों की उपलब्धता सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में आदिम जाति विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि राज्य शासन द्वारा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से विशेष प्रकोष्ठों के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया है। इसके तहत पूर्व में गठित विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर विकास प्रकोष्ठ के क्षेत्राधिकार का पुनर्परिसीमन करते हुए विशेष रूप से कमजोर जनजाति बिरहोर एवं पहाड़ी कोरवा विकास प्रकोष्ठ, धरमजयगढ़ का पुनर्गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि परियोजना प्रशासक, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना धरमजयगढ़ को प्रकोष्ठ का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुनर्गठित प्रकोष्ठ के अंतर्गत बिरहोर जनजाति के 26 ग्रामों के 243 परिवार तथा पहाड़ी कोरवा जनजाति के 28 ग्रामों के 556 परिवार शामिल किए गए हैं। इस प्रकार कुल 56 ग्रामों के 799 परिवारों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और विकास कार्यक्रमों से लाभान्वित करने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है।





बैठक लेते कलेक्टर और उपस्थित अधिकारी।

#### खाद की समीक्षा

कलेक्टर ने खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा की। कृषि उप संचालक ने बताया कि वर्तमान में जिला सहकारी बैंक के डबल लॉक केंद्रों में 4 हजार 543 मीट्रिक टन उर्वरकों का भंडारण उपलब्ध है। वहीं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में 11 हजार 81 मीट्रिक टन उर्वरक सुरक्षित रखे गए हैं। इस प्रकार जिले में कुल 15 हजार 624 मीट्रिक टन उर्वरकों का उपलब्ध स्टॉक किसानों की जरूरतों की पूर्ति के लिए उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन के दौरान अब तक किसानों को 7 हजार 582 एमटी खाद का वितरण किया जा चुका है।

#### सर्वेक्षण दलों का होगा गठन

सहायक आयुक्त ने बताया कि भारत सरकारए जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा पीवीटीजी हाउसहोल्ड डाटा कैप्चर एवं पीवीटीजी एंटाइटलमेंट कार्ड सर्वेक्षण के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत जिला, अनुविभाग एवं ग्राम पंचायत स्तर पर समितियों एवं सर्वेक्षण दलों का गठन किया जा रहा है। ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण दलों का प्रशिक्षण 15 एवं 16 जून को आयोजित किया जाएगा तथा 17 जून से 3 जुलाई तक मोबाइल एप के माध्यम से परिवार सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। इसके उपरांत सर्वे प्रपत्रों का परीक्षण एवं अनुमोदन की कार्यवाही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण की जाएगी।

# स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने कर्मचारियों का अटैचमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़




हाल ही में जारी सभी प्रशासनिक आदेश पूरी तरह नियम सम्मत, पारदर्शी एवं जनहित को ध्यान में रखकर जारी किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार वैष्णव ने कहा कि कर्मचारियों के अटैचमेंट एवं पदस्थापना संबंधी निर्णय किसी व्यक्ति विशेष को लाभ या हानि पहुंचाने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध मानव संसाधनों के संतुलित उपयोग और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए किए गए हैं विभाग के अनुसार कुछ स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यभार अधिक होने तथा कुछ स्थानों पर कर्मचारियों की कमी को देखते हुए आवश्यक प्रशासनिक पुनर्व्यवस्था की गई हैए ताकि मरीजों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

आदेश जारी करने से पूर्व संस्थागत आवश्यकताओं, सेवा उपलब्धता एवं कार्य निष्पादन की स्थिति का परीक्षण किया गया था। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि हालिया प्रशासनिक आदेशों के बाद कई स्वास्थ्य संस्थानों में सेवाओं की उपलब्धता और कार्य व्यवस्था में सुधार देखने को मिला है। दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए समय समय पर मानव संसाधनों का पुनर्संतुलन आवश्यक प्रक्रिया है। सीएमएचओ डॉ वैष्णव ने कहा कि जनहित सर्वोपरि है। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रशासनिक निर्णय आगे भी लिए जाते रहेंगे। सभी आदेश नियमों के अनुरूप एवं जनता के हित में हैं।

# सुशासन तिहार पर उठे सवाल, रविदास मोहल्ला को पानी से वंचित रखने का आरोप



**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत बिलाईगढ़ के वार्ड क्रमांक 10 स्थित रविदास मोहल्ला में पेयजल संकट फिर गहरा गया है। इसे लेकर एक बार फिर प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मोहल्लावासियों एवं सर्व रविदास समाज का आरोप है कि फरवरी 2024 में खुदाई किए गए बोर स्थल पर पर्याप्त पानी मिलने के बावजूद दो वर्षों से हैंडपंप अथवा बोर स्थापित नहीं की गई, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार सुशासन तिहार 2025 के दौरान 8 अप्रैल 2025 को नगर पंचायत में आवेदन प्रस्तुत कर उक्त स्थल पर हैंडपंप लगाने की मांग की गई थी। आरोप है कि नगर पंचायत के सीएमओ सुशील चौधरी ने बीते 9 मई 2025 को संबंधित बोर में पानी नहीं होने का हवाला देते हुए आवेदन निराकृत कर दिया। जबकि स्थानीय निवासियों का दावा है कि खुदाई के दौरान बड़ी मात्रा में पानी निकला था, जिसका वीडियो साक्ष्य आज भी सुरक्षित है। वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद कन्हैया खूंटे को भी इस मामले का प्रत्यक्ष गवाह बताया जा रहा है।मोहल्लावासियों का कहना है कि लगातार एक वर्ष से अधिक समय तक आवेदन और मांग करने के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। परिणामस्वरूप दो दो गर्मी के मौसम बीत गए, लेकिन रविदास मोहल्ले की पेयजल समस्या जस की तस बनी हुई है। विवाद तब और गहरा गया जब सुशासन तिहार 2026 में पुनः उसी स्थल पर हैंडपंप स्थापना हेतु आवेदन दिया गया। आरोप है कि सीएमओ द्वारा 2 जून में निराकरण का हवाला देते हुए बोर की गहराई एवं केसिंग जांच की बात कही गई तथा सामग्री उपलब्ध होने अथवा राशि प्राप्त होने पर स्थापना किए जाने का उल्लेख किया गया। सर्व रविदास समाज छत्तीसगढ़ ने इस पूरे मामले को समाज के साथ भेदभाव और उपेक्षा का उदाहरण बताते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया है।

### स्वच्छताग्रहियों का सम्मान, हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

**रायगढ़।** पुसौर ब्लॉक के ग्राम कोड़पाली में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में 22 ग्राम पंचायत के बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी देखने को मिली। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम बड़ेहरदी की स्वच्छताग्राही महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा महिला स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में प्रोत्साहित किया गया। शिविर में उद्यानिकी विभाग द्वारा ग्रामीणों को पौधों का वितरण किया गया। अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने और बागवानी के माध्यम से आय बढ़ाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। इस अवसर पर पुसौर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चौहान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# शिकायत पर आबकारी का एक्शन, ताड़ी महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार



**चंद्रपुर।** सुशासन तिहार 2026 के दौरान प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग ने आबकारी वृत्त चंद्रपुर डभरा क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर विभाग ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से ताड़ी, महुआ शराब और महुआ लाहन जब्त किया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। 9 जून को की गई इस कार्रवाई में पहले थाना चंद्रपुर क्षेत्र के ग्राम राधापुर में दबिश दी गई। सुशासन तिहार में प्राप्त शिकायत के आधार पर आबकारी टीम ने कप्पला परमेश पिता चन्दाया, उम्र 34 वर्ष, मूल निवासी जिला नालगोंडा तेलंगाना एवं वर्तमान निवासी राधापुर के मकान की जांच की। तलाशी के दौरान एक थैले में रखी 20 प्लास्टिक पन्नियां बरामद हुईं, जिनमें प्रत्येक में एक एक लीटर छिंद के पेड़ से निकाली गई ताड़ी भरी हुई थी। कुल 20 लीटर ताड़ी जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इसके बाद आबकारी टीम नगर से लगे ग्राम मेढ़ापाली डभरा थाना में कार्रवाई की। यहां मिलेराम भारद्वाज पिता झाड़ूराम, उम्र 54 वर्ष के मकान में जांच के दौरान आंगन में संचालित एक चढ़ी हुई भट्ठी से 20 लीटर महुआ मदिरा बरामद की गई। इसके अलावा 20 प्लास्टिक पन्नियों में भरा लगभग 200 किलोग्राम महुआ लाहन भी जब्त किया गया। अवैध रूप से महुआ शराब के निर्माण और भंडारण के मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया गया।

# एथलेटिक चैंपियनशिप में प्रहलाद ने जीता स्वर्ण पदक



**बिलाईगढ़।** सिंगापुर में 6 से 7 जून को अंतरराष्ट्रीय मास्टर ट्रैक एंड फील्ड एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन स्पोर्ट्स हब इंटरनेशनल एथलेटिक स्टेडियम सिंगापुर लोरोंग गैलन में आयोजन हुआ।

जिसमें विश्व के 15 से अधिक देशों के खिलाड़ियों ने और छत्तीसगढ़ के 6 खिलाड़ियों ने इस चैंपियनशिप मेंभाग लिया और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले से इस चैंपियनशिप में प्रहलाद कैवर्त पिता अंत राम कैवर्त ग्राम करीपाठ भी शामिल हुए और इस चैम्पियनशिप में दो गोल्ड मेडलए एक सिल्वर मेडल और एक ब्रांच मेडल प्राप्त किया। इसमें ट्रिपल जंप में गोल्ड मेडल 400×100 मीटर रिले रेस में गोल्ड मेडल लंबी कूद में सिल्वर मेडल और 200 मीटर दौड़ में ब्रांच मेडल प्राप्त किया छत्तीसगढ़ के मास्टर एथलीट संघ के फाउंडर संस्थापक मो.नबी मोहम्मद एवं टीम मैनेजर, कोच गुलाब नंद के मार्गदर्शन में सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय मास्टर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप में भाग लेने का अवसर मिला। यह मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है इसके लिए छत्तीसगढ़ एथलेटिक मास्टर एथलीट संघ के संस्थापक एवं कोच मैनेजर को बहुत बहुत आभार।

# उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों की कराई गई निःशुल्क सोनोग्राफी, विशेषज्ञों ने दिया स्वास्थ्य परामर्श



**रायगढ़।** जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इस अभियान में गर्भवती महिलाओं की व्यापक स्वास्थ्य जांच कर उन्हें सुरक्षित मातृत्व संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।

शिविरों में गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, शुगर, सिकल सेल, मलेरिया, एचआईवी, वजन एवं ऊंचाई सहित विभिन्न आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। साथ ही आयरन एवं कैल्शियम की दवाइयों का वितरण कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। अभियान के दौरान पुसौर विकासखंड में 104, खरसिया में 60, तमनार में 53, घरघोड़ा में 94, लैलूंगा में 62, धरमजयगढ़ में 261 तथा लोइंग में 219 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविरों में उपस्थित महिला चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा सुरक्षित प्रसव के संबंध में विस्तृत परामर्श दिया।

# छग के लाल भोजराम को शौर्य चक्र प्रदेश के लिए गर्व का क्षणः ओपी



**रायगढ़।** महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा रक्षा अलंकरण समारोह में असम राइफल्स के जवान, छत्तीसगढ़ निवासी भोजराम साहू को भारत म्यांमार सीमा पर अदम्य साहस, पराक्रम एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने के लिए प्रतिष्ठित शौर्य चक्र से सम्मानित किए जाने पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने हृदय से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा भोजराम साहू ने कठिन और दुर्गम सीमा पर देश की सुरक्षा के लिए जो वीरता दिखाई है। वह हर छत्तीसगढ़वासी के लिए गर्व का विषय है। उनकी बहादुरी, निष्ठा और मातृभूमि के प्रति समर्पण हमारी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत है। ओपी ने कहा कि यह कहा जाता है वीर भोग्या वसुंधरा भोजराम ने यह सिद्ध कर दिया कि छत्तीसगढ़ की माटी में जन्मा हर बेटा देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहता है। कठिन परिस्थितियों में दुश्मन का सामना करते हुए उन्होंने कर्तव्य को धर्म माना और राष्ट्र को सर्वोपरि रखा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### भारत मुंडा समाज ...

पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में नजर आए। यश प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि जशपुर राज परिवार का मुंडा समाज के साथ हजारों वर्षों से पारिवारिक संबंध रहा है। उन्होंने मुंडा समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए लगभग 11 लाख रुपये की घोषणा की। 15 डिसमिल जमीन पर सामुदायिक भवन का निर्माण चोंगो बस्ती, बीटीआई के पीछे किया जाएगा। समाज के अशोक नागवार ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुंडा समाज की संख्या लगभग 20 हजार है, जो अन्य आदिवासी समाजों की तुलना में अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने मुंडा समाज को विशेष आदिवासी समुदाय का दर्जा देने की मांग की, ताकि समाज का सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास हो सके। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पहाड़ी कोरवा समाज को विशेष दर्जा दिया गया है, उसी प्रकार मुंडा समाज को भी सुविधाएं मिलनी चाहिए। विशेष आरक्षण की करेंगे मांग- अमासू राम बरला ने कहा कि मुंडा समाज काफी पिछड़ा हुआ है। समाज के विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पत्राचार कर जनजाति समाज में विशेष आरक्षण की मांग रखी जाएगी। नूतन पहान ने बताया कि भारत मुंडा समाज देश के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले मुंडा समाज के लोगों को जागरूक और संगठित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवा अपनी संस्कृति और परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं। हमें अपने संस्कार, संस्कृति और परंपरा को जीवित रखना होगा। आदिवासी समाज प्रकृति के पुजारी हैं। सम्मेलन में जशपुर में महिलाओं और युवाओं की अलग-अलग टीम गठित करने, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को लेकर चर्चा की गई। समाज के लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। मुंडारी भाषा के संरक्षण पर जोर- सम्मेलन में समाज की परंपरा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास को लेकर चर्चा हुई। वक्ताओं ने युवा पीढ़ी को शिक्षा से जोड़ने तथा संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया। कार्यक्रम में शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। आशा कश्यप ने कहा कि मुंडा समाज की प्रमुख भाषा मुंडारी है। समाज के लोगों को मुंडारी भाषा की शिक्षा दी जाएगी, क्योंकि मुंडारी भाषा ही समाज की पहचान है। मुंडारी हमारी मातृभाषा है और इसे संरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी है।

### कर्मचारियों ने लंबित ...

जाना आवश्यक है। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुभाषचंद शर्मा, जिला सचिव डमरूधर साय पैंकरा, जिला कोषाध्यक्ष तुलेश्वर यादव, ब्लाक अध्यक्ष कृष्ण लाल मिर्रे, हॉस्टल आश्रम संघ के जिलाध्यक्ष खगेन्द्र चौहान, स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के यजूयेन्द्र सिंह, ग्रामीण विस्तार अधिकारी संघ, शासकीय तकनीकी संघ, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के पदाधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए।

### जिला अस्पताल के ...

इसे गंभीर कदाचार, अनुशासन हीनता एवं पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में पुरूषोत्तम कुंवर का मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसाबहार निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

### नाली निर्माण कर बड़े नाला में जोड़ने की मांग

**खरसिया।** खंती गड्ढे के समतलीकरण एवं गड्ढे के चारों ओर नाली निर्माण कर बड़े नाला में जोड़ने की मांग को लेकर वार्ड क्रमांक 10 के लोगों ने एसडीएमत को ज्ञापन सौंपा है। एसडीएम को 10 जून को दिए गए आवेदन में लोगों ने कहा है कि नगरपालिका खरसिया क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्र. 10 में खंती गड्ढा है, जिसमें नाला का पानी जा रहा है। उक्त खंती गड्ढे के चारो ओर आबादी घेषित है जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान निर्मित है जिसमें हम मोहल्लेवासी निवासरत है। कई वर्ष से गड्ढा होने से घरों का पानी भी खंती गढ्ढे में जा रहा है जिससे दलदल बन गया है और जहरीले साँप एवं बिच्छु निकल रहें है, जिससे हम मोहल्लेवासियों में भय का माहौल बना हुआ है।

